# HND 101F

# B.A. I[st] SEMESTER EXAMINATION, 2024-25

## हिन्दी

## (हिन्दी साहित्य का इतिहास)

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर
16-12-24
ग्रन्थालय

AFFIX PRESCRIBED RUBBER STAMP

Date (तिथि) : ____________________

**Paper ID**
(To be filled in the OMR Sheet)

**1296**

अनुक्रमांक (अंकों में) :
Roll No. (In Figures) : | | | | | | | | | | | | | | |

अनुक्रमांक (शब्दों में) : ________________________________

Roll No. (In Words) : ________________________________

**Time : 1:30 Hrs.**
**समय : 1:30 घण्टे**

**Max. Marks : 75**
**अधिकतम अंक : 75**

**नोट : पुस्तिका में 50 प्रश्न दिये गये हैं, सभी प्रश्न करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 1.5 अंक का होगा।**

**Important Instructions :**

1. The candidate will write his/her Roll Number only at the places provided for, i.e. on the cover page and on the OMR answer sheet at the end and nowhere else.

2. Immediately on receipt of the question booklet, the candidate should check up the booklet and ensure that it contains all the pages and that no question is missing. If the candidate finds any discrepancy in the question booklet, he/she should report the invigilator within 10 minutes of the issue of this booklet and a fresh question booklet without any discrepancy be obtained.

**महत्वपूर्ण निर्देश :**

1. अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक केवल उन्हीं स्थानों पर लिखेंगे जो इसके लिए दिये गये हैं, अर्थात् प्रश्न पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ तथा साथ दिये गये ओ०एम०आर० उत्तर पत्र पर, तथा अन्यत्र कहीं नहीं लिखेंगे।

2. प्रश्न पुस्तिका मिलते ही **अभ्यर्थी** को जाँच करके सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि इस पुस्तिका में पूरे पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न छूटा तो नहीं है। यदि कोई विसंगति है तो प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के भीतर ही कक्ष परिप्रेक्षक को सूचित करना चाहिए और बिना त्रुटि की दूसरी प्रश्न पुस्तिका प्राप्त कर लेना चाहिए।

1. 'भाषा के लक्षक एवं व्यंजक बल की सीमा कहां तक है, इसकी पूरी परख इन्ही को थी" आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के इस कथन से सम्बन्ध है –

(A) भूषण से

(B) बिहारी से

(C) सेनापति से

(D) घनानन्द से

2. 'इति वृतात्मकता' कविता की प्रमुख विशेषता है –

(A) द्विवेदीयुग की

(B) छायावाद युग की

(C) प्रगतिवाद युग की

(D) इनमें से कोई नहीं

3. 'दूसरी परम्परा की खोज' पुस्तक के लेखक हैं ।

(A) डॉ० रामविलास शर्मा

(B) परमानन्द श्रीवास्तव

(C) डॉ० नगेन्द्र

(D) डॉ० नामवर सिंह

4. 'भारतीय जनता का प्रतिनिधि कवि यदि किसी को कह सकते है तो तुलसीदास को'। उक्त कथन है –

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का

(B) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का

(C) डॉ० नामवर सिंह का

(D) इनमें से कोई नहीं

5. 'भाषा योग वाशिष्ठ' रचना है –

(A) सदल मिश्र की

(B) लल्लू लाल की

(C) राम प्रसाद निरंजनी की

(D) सदासुखलाल की

6. 'हिन्दी शब्द सागर की भूमिका' के रूप में रचना हुई थी –

(A) हिन्दी साहित्य के आदिकाल की

(B) हिन्दी साहित्य के इतिहास की

(C) हिन्दी शब्दानुशासन की

(D) इनमें से कोई नहीं

7. भक्ति साहित्य का प्रादुर्भाव सर्वप्रथम हुआ –

(A) दक्षिण भारत में

(B) गुजरात में

(C) उत्तर भारत में

(D) महाराष्ट्र में

8. 'आदिकाल' को 'बीजवपन काल' कहा है –

(A) मिश्रबन्धु ने

(B) शिव सिंह सेंगर ने

(C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने

(D) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने

9. प्रगतिशील लेखक संघ की स्थापना हुई –

(A) 1935 में

(B) 1936 में

(C) 1937 में

(D) 1938 में

10. छायावाद को 'स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह' कहा है –

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने

(B) नन्द दुलारे बाजपेयी ने

(C) डॉ० नगेन्द्र ने

(D) डॉ० नामवर सिंह ने

11. दिनकर किस वर्ग के कवि है ?

(A) छायावादी कवि

(B) राष्ट्रीय सांस्कृतिक धारा के कवि

(C) प्रेम और मस्ती के कवि

(D) प्रयोगवादी कवि

12. प्रगतिवाद के सम्बन्ध में कथन गलत है –

(A) शोषण का विरोध

(B) स्थूल सौन्दर्य के स्थान सूक्ष्म वायवीय सौन्दर्य का चित्रण

(C) धर्म और ईश्वर पर अनास्था व्यक्त की गई है

(D) शोषितों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की गई है

13. 'नयी कविता' पत्रिका का प्रकाशन कब प्रारम्भ हुआ था ?

(A) 1950 ई० में

(B) 1951 ई० में

(C) 1954 ई० में

(D) 1953 ई० में

14. रीतिकाल को 'श्रृंगारकाल' कहा है --

(A) मिश्र बन्धु ने

(B) रामचन्द्र शुक्ल ने

(C) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने

(D) जॉर्ज ग्रियर्सन ने

15. रीतिकाल में आचार्य कवि कहा गया है –

(A) रीतिसिद्ध कवियों को

(B) रीतिबद्ध कवियों को

(C) रीतिमुक्त कवियों को

(D) इनमें से कोई नहीं

16. खड़ीबोली हिन्दी का प्रथम महाकाव्य है।

(A) साकेत

(B) प्रियप्रवास

(C) कामायनी

(D) इनमें से कोई नहीं

17. सिद्धों का सम्बन्ध है।

(A) बौद्धमत से

(B) नाथपंथ से

(C) जैनमत से

(D) शैवमत से

18. 'अर्द्ध कथानक' आत्मकथा के लेखक हैं –

(A) अम्बिकादत्त व्यास

(B) बाबू गुलाब राय

(C) बनारसीदास जैन

(D) इनमें से कोई नहीं

19. 'आवारा मसीहा' के लेखक है –

(A) विष्णु प्रभाकर

(B) प्रेमचन्द

(C) अमृतराय

(D) हरिवंशराय बच्चन

20. सिद्ध साहित्य में सिद्धों की संख्या मानी गई है –

(A) आठ

(B) बीस

(C) चौरासी

(D) चालीस

21. 'दोहाकोश' रचना है –

(A) स्वयंभू का

(B) सरहपा का

(C) देवसेन का

(D) पुष्पदंत का

22. जायसी किस परम्परा के कवि है –

(A) नाथ परम्परा

(B) रीति परम्परा

(C) प्रेमाख्यानक परम्परा

(D) सगुण परम्परा

23. भक्तिकाल के किस कवि का ब्रज और अवधी दोनों पर समान अधिकार था।

(A) सूरदास

(B) तुलसीदास

(C) जायसी

(D) नन्ददास

24. 'अष्टछाप' की स्थापना की है।

(A) वल्लभाचार्य ने

(B) रामानुजाचार्य ने

(C) निम्बार्काचार्य ने

(D) गोसाई विट्ठलनाथ ने

25. 'इस्तवार–द–ला लितरेव्यूर ऐंदुई ऐंदुस्तानी' नामक ग्रंथ लिखा गया –

(A) हिन्दी भाषा में

(B) जर्मन भाषा में

(C) फ्रेंच भाषा में

(D) अंग्रेजी भाषा में

26. रीतिसिद्ध कवि के रूप में प्रसिद्ध है –

(A) केशव

(B) बिहारी

(C) घनानन्द

(D) भूषण

27. रीतिमुक्त काव्यधारा के अन्तर्गत आने वाले कवि हैं –

(A) घनानन्द

(B) सूरदास

(C) केशव

(D) बिहारी

28. 'ब्रह्मसमाज' के संस्थापक थे –

(A) केशवचन्द्र सेन

(B) स्वामी विवेकानन्द

(C) दयानन्द सरस्वती

(D) राजा राम मोहन राय

29. राजा शिवप्रसाद 'सितारे हिन्द' की भाषा का स्वरूप है –

(A) संस्कृतनिष्ठ

(B) अरबी–फारसी के शब्दों से युक्त

(C) ब्रजभाषा मिश्रित

(D) अवधी

30. 'कवि वचन सुधा' के सम्पादक थे –

(A) प्रेमचन्द

(B) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(C) डॉ० नगेन्द्र

(D) बालकृष्ण भट्ट

31. 'नासिकेतोपाख्यान' के लेखक हैं –

(A) सदल मिश्र

(B) इंशा अल्ला खां

(C) लल्लू लाल

(D) राम प्रसाद निरंजनी

32. 'रानी केतकी की कहानी' के लेखक हैं –

(A) लल्लू लाल

(B) इंशा अल्ला खां

(C) सदल मिश्र

(D) राजा लक्ष्मण सिंह

33. द्विवेदी युग के प्रतिनिधि कवि है –

(A) मैथिलीशरण गुप्त

(B) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(C) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) जयशंकर प्रसाद

34. "उस समय जैसे 'गाथा' कहने से प्राकृत का बोध होता था,वैसे ही 'दोहा'या 'इहा' कहने से अपभ्रंश या प्रचलित काव्यभाषा का पद्य समझा जाता था।" कथन किसका है ?

(A) डॉ० रामकुमार वर्मा का

(B) विद्यापति का

(C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का

(D) डॉ० बच्चन सिंह का

35. "लेकिन जोर देकर कहना चाहता हूँ कि अगर इस्लाम न आया होता तो भी इस साहित्य का बारह आना वैसा ही होता जैसा आज है।"

भक्तिकाव्य के संदर्भ में उपर्युक्त कथन किसका है ?

(A) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेद का

(B) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का

(C) कबीरदास का

(D) तुलसीदास का

36. तुलसीदास जी द्वारा निम्न में से कौन – सी रचना ब्रजभाषा में रचित है ?

(A) रामचरितमानस

(B) विनयपत्रिका

(C) रामाज्ञाप्रश्न

(D) जानकीमंगल

37. अष्टछाप के कवियों में कौन शामिल नहीं था ?

(A) सूरदास

(B) तुलसीदास

(C) कुंभनदास

(D) चतुर्भुजदास

38. 'हिन्दी का गद्य साहित्य' किसकी कृति है ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल की

(B) विश्वनाथ प्रसाद तिवारी की

(C) डॉ० रामकुमार वर्मा की

(D) डॉ० रामचन्द्र तिवारी की

39. 'मेरी जीवन यात्रा' आत्मकथा किसकी है ?

(A) वियोगी हरि की

(B) राहुल सांकृत्यायन की

(C) श्याम सुंदरदास की

(D) हरिवंश राय बच्चन की

40. शुद्धाद्वैतवाद के प्रवर्तक कौन माने जाते हैं ?

(A) रामानुजाचार्य

(B) वल्लभाचार्य

(C) शंकराचार्य

(D) मध्वाचार्य

41. निम्नलिखित मे से तुलसीदास की कृति नहीं है –

(A) दोहावली

(B) कवितावली

(C) विनय पत्रिका

(D) रामायण

42. 'भक्ति' को भारतीय चिंतन धारा का स्वाभाविक विकास मानने वाले आचार्य है –

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) श्यामसुन्दर दास

(C) रामकुमार वर्मा

(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

43. 'पदमावत' की भाषा है –

(A) खड़ी बोली हिन्दी

(B) ब्रजभाषा

(C) राजस्थानी

(D) अवधी

44. 'मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरो ने कोई' पंक्ति है –

(A) सूरदास की

(B) मीराबाई की

(C) रसखान की

(D) नन्ददास की

45. रीति काल में 'वीर काव्य' लिखने के लिए सर्वाधिक प्रसिद्धि मिली –

(A) केशव

(B) भूषण

(C) मतिराम

(D) देव

46. निम्नलिखित में से कौन फोर्ट – विलियम कॉलेज में भाषा–अध्यापन का कार्य कर रहे थे ?

(A) इंशा अल्ला खां

(B) मुंशी सदासुखलाल

(C) लल्लूलाल

(D) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

47. निम्नलिखित में से कौन छायावादी काव्य की विशेषता नहीं है ?

(A) स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह

(B) सूक्ष्म मनोभावों की अभिव्यक्ति

(C) अज्ञात प्रियतम के प्रति रहस्यवादी भावना

(D) सामाजिक यथार्थ का चित्रण

48. तारसप्तक के कवि नहीं हैं –

(A) अज्ञेय

(B) मुक्तिबोध

(C) रामविलास शर्मा

(D) धर्मवीर भारती

49. इसमें प्रगतिवादी काव्य की विशेषता नहीं है –

(A) शोषितों के प्रति सहानुभूति

(B) शोषक वर्ग के प्रति आक्रोश

(C) सामाजिक यथार्थ का निरूपण

(D) कल्पना की अतिसयता

50. 'समान्तर कहानी आन्दोलन' के जनक माने जाते हैं ?

(A) कमलेश्वर

(B) महीप सिंह

(C) प्रेमचन्द

(D) गंगा प्रसाद विमल

*****